शमसानों के वासी हो

श्मशानों के वासी हो भूतो का है साथ,
तेरा गंगा किनारे डेरा ओ बाबा भूत नाथ,
श्मशानों के वासी हो भूतो का है साथ.....

देवो में महादेव हो बाबा सारी दुनिया गाती है,
श्रद्धा से चरणों में तेरे आकर शीश झुकाती है,
जो पाँव पकड़ ले तेरे तू पकड़े उनके हाथ,
श्मशानों के वासी हो भूतो का है साथ......

शृष्टि के ओ सिरजन हारे तेरे रंग निराले है,
देवो की रक्शा के खातिर पीता विष के प्याले है,
हम भोले भगतो का तू रक्षक है भोले नाथ,
श्मशानों के वासी हो भूतो का है साथ....

सोमवार को तेरा दर्शन बहुत बड़ा शुभ कारी है,
तेरी दया से हम भगतो की कट ती विपदा सारी है,
इस हरश का भोले बाबा तू देना हरदम साथ,
श्मशानों के वासी हो भूतो का है साथ.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28458/title/shamshano-ke-vasi-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |